कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी अयोध्या।

पत्रांक C-1084/जि.का.अ./बा.वि.परि./आ.बा.चयन/2020–21 दिनांक 25 मार्च 2021

प्रेस विज्ञप्ति

आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सहायिकाओं के रिक्त पदो पर चयन हेतु आनलाइन भर्ती

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या के अन्तर्गत समस्त बाल विकास परियोजनाओं में पूर्व से स्वीकृति आंगनबाड़ी केन्द्रो पर रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सहायिकाओं के पदों को भरे जाने हेतु शासनादेश संख्या 11/2021/388/58–1–2020–2/1(22)10टी.सी. महिला एंव बाल विकास अनुभाग–2 दिनांक 29 जनवरी 2021 में निहित प्राविधानों के तहत आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। परियोजनावार रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है।

क0सं0	परियोजना का नाम	आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो की सं0	मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदो की सं0	सहायिका के रिक्त पदो की सं0
1	मया बाजार	7	1	9
2	तारून	8	1	2
3	अमानीगंज	17	2	16
4	मसौधा	13	1	12
5	हरिग्टनगंज	10	0	8
6	मिल्कीपुर	13	6	16
7	पूरा बाजार	13	1	5
8	शहर	2	0	5
9	सोहावल	27	2	58
10	बीकापुर	8	5	7
11	मवई	10	1	22
12	रूदौली	14	0	18
	कुल योगः–	142	20	178

उपरोक्त पदो का ग्रामसभावार/वार्डवार विवरण एंव आरक्षण तथा अर्हता की शर्ते विभागीय वेबसाइट http:// balvikasup.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा सम्बन्धित परियोजना कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा भी करा दिया गया है।

महत्तवपूर्ण निर्देशः

1. उक्त पदों पर ग्राम सभा/वार्ड की महिला अभ्यर्थी पात्र होगी जहां पद रिक्त है।
2. आवेदन पत्र वेबसाइट http:// balvikasup.gov.in पर आनालाइन भरना होगा।
3. आंगनबाड़ी कार्यकत्री/मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सहायिकाओं के नियुक्ति हेतु आयु सीमा 21 वर्ष से 45 वर्ष होनी चाहिये।
4. चयन में सर्वप्रथम उसी ग्राम सभा/वार्ड की सहायिका जो अपेक्षित अर्हता रखती हो तथा उसकी अर्हकारी सेवा 05 वर्ष पूरी हो चुकी हो तथा आरक्षण को दृष्टिगत रखते हुये विचार किया जायेगा। सहायिका की अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष है।
5. आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एंव सहायिकाओं की नियुक्ति/चयन गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के सदस्यों को वरीयता देते हुये कमशः विधवा, तदोपरान्त तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 16 अप्रैल 2021 होगी।
7. उपरोक्त पदो का ग्राम सभावार विवरण, अर्हता आवेदन की प्रकिया एंव विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। अभ्यर्थिनियों से अपेक्षा है कि वह उपर्युक्त शासनादेश में वर्णित नियम एंव शर्तो की पूरी तरह से पढ़कर ही आवेदन आनलाइन करें। आनलाइन आवेदन करने के उपरान्त उसमें किसी प्रकार के संशोधन का अधिकार नहीं होगा।
8. रिक्त पदों का विवरण ग्रामसभावार/जातिवार सम्बन्धित परियोजना कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दिया गया है।
9. चयन प्रकिया पूर्णतः शासनादेश के अनुरूप पारदर्शी तरीके से चयन समिति द्वारा की जायेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
अयोध्या।

पत्रांक C-1089/जि.का./बा.वि.परि./आ.बा.चयन/2020–21 दिनांक 25 मार्च 2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक बाल विकास सेवा एंव पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय अयोध्या।
3. मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या।
4. जिला सूचना अधिकारी अयोध्या को अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को किन्ही दो प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अयोध्या को इस अनुरोध के साथ कि प्रेषित कि अयोध्या के एन0आई0सी0पोर्टल पर विज्ञापन अपलोड करने का कष्ट करें।
6. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद अयोध्या को इस निर्देश के साथ अपनी–अपनी परियोजना पर रिक्त पदो का विवरण परियोजना मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
अयोध्या।